**भारत सरकार**
**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या : *267**
**जिसका उत्तर 11 मार्च, 2026 को दिया जाना है**

**कोयला गैसीकरण प्रोत्साहन योजना**

***267. श्रीमती रूपकुमारी चौधरीः**
**श्री बंटी विवेक साहूः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण वित्तीय प्रोत्साहन योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले तथा तेलंगाना में गैसीकरण संबंधी दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कितनी प्रगति हुई है तथा इस संबंध में विशेषकर दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित गुजरात को क्या लाभ प्राप्त हुए हैं;

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों विशेषकर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा प्रचालित उपक्रमों तथा निजी क्षेत्र की परियोजनाओं को प्रदत्त प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है तथा सुनिश्चित किए गए गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) कोयला लिंकेज का तेलंगाना सहित राज्य-वार व्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण का आकलन किया है और क्या सरकार का इस संबंध में अतिरिक्त किश्तों का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो छिंदवाड़ा क्षेत्र में निवेश, रोजगार सृजन और पर्यावरण संबंधी प्रभाव के संदर्भ में प्रस्तावित अतिरिक्त कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या तेलंगाना में प्रोत्साहन संबंधी अतिरिक्त किश्तें प्रदान करना या नीतिगत सहायता देना प्रस्तावित है और यदि हां, तो इससे संबंधित समय-सीमा, बजटीय आवंटन और किसी भी प्रस्तावित गैसीकरण परियोजना या प्रायोगिक संयंत्र सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**कोयला एवं खान मंत्री**
**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

**"कोयला गैसीकरण प्रोत्साहन योजना" के संबंध में श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और श्री बंटी विवेक साहू द्वारा दिनांक 11.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *267 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरणः**

**(क) :** कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण वित्तीय प्रोत्साहन स्कीम को देश भर में कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को सहायता और बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह स्कीम राज्य-विशिष्ट नहीं है। दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित छिंदवाड़ा जिले, मध्य प्रदेश या तेलंगाना अथवा गुजरात के किसी भी क्षेत्र में कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजना स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ख) :** आज की तारीख तक, इस स्कीम के तहत वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड अथवा किसी निजी क्षेत्र की किसी भी परियोजना को कोई प्रोत्साहन संवितरित नहीं किया गया है, हालांकि, 7 परियोजनाओं (3 सार्वजनिक क्षेत्र परियोजनाएं और 4 निजी क्षेत्र परियोजनाओं) को 6133.06 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन अनुमोदित किया गया है।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) श्रेणी 'सिनगैस के उत्पादन से कोयला गैसीकरण' के तहत नीलामी के माध्यम से गैसीकरण परियोजनाओं के लिए कोयला लिंकेज प्रदान करता है। इस नीलामी विन्डो के तहत की गई वास्तविक बुकिंग निम्नानुसार है:

| **सहायक कंपनी** | **बुकिंग मिलियन टन (मि. ट.) में** |
|---|---|
| डब्ल्यूसीएल | 1.45 (ग्रेटा एनर्जी-0.75 एमटीपीए; न्यू एरा क्लीनटेक-0.70 एमटीपीए) |

**(ग) :** भारत में कोयला गैसीकरण प्रारंभिक चरण में है; तदनुसार, यह स्कीम प्रौद्योगिकी-एग्नोस्टिक है और परियोजना प्रस्तावकों को उनकी कोयला विशेषताओं और अंतिम उपयोग आवश्यकताओं के लिए सबसे उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को अपनाने की अनुमति देती है। इसके अलावा, गैसीकरण में स्वदेशी विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, स्वदेशी गैसीकरण प्रौद्योगिकियों के विकास और विस्तार के लिए डेमंसट्रेशन परियोजनाओं को स्कीम सहायता प्रदान करनी है।

इस स्कीम के तहत, भारत कोल गैसिफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड की परियोजना (सीआईएल और बीएचईएल का संयुक्त उद्यम) में बीएचईएल द्वारा विकसित स्वदेशी गैसीकरण प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है, जबकि जिंदल स्टील लिमिटेड की एक अन्य परियोजना ने नलवा ग्रीन एनर्जी के स्वामित्व वाली लुर्गी प्रौद्योगिकी को अपनाया है। वहीं, जिंदल स्टील लिमिटेड और ग्रेटा एनर्जी एंड मेटल प्राइवेट लिमिटेड की परियोजनाओं में लगभग 80-85% स्वदेशी उपकरण शामिल हैं, जिससे घरेलू विनिर्माण को सहायता मिलती है।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में किसी कोयला गैसीकरण परियोजना का प्रस्ताव प्राप्त या अनुमोदित नहीं किया गया है।

**(घ)** : यह स्कीम राज्य-विशिष्ट नहीं है और आज की तारीख तक तेलंगाना से कोयला गैसीकरण परियोजना का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****